देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 103 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**गांवों में तेजी से बढ़ाने होंगे इंतजाम



देहरादून, बुधवार, 21 जुलाई 2021

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 24.0°

42243.40

2 नाम लिए बगैर जमकर साधा निशाना

7 टॉप पर पहुंची कप्तान मिताली राज

# देश के दो तिहाई लोग हुए कोरोना संक्रमित

## देशभर के कुल 70 जिलों में चौथी बार किया गया है सीरो सर्वे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में किए गए सीरोलॉजिकल सर्वे में 67.6 फीसदी लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इसका मतलब है कि इतने फीसदी लोग पहले कोरोना संक्रमण के चपेट में आ चुके हैं और इनके शरीर में कोविड–19 के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि देश में कराए गए सीरो सर्वे में 67.7 फीसदी लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। यह सर्वे जून–जुलाई में 21 राज्यों के 70 जिलों में आयोजित किया गया है।

28,975 लोगों पर किए गए इस सर्वे में 6 से 17 साल के बच्चों को भी शामिल किया गया था। सर्वे में शामिल 67.6 फीसद लोगों में कोरोना एंटीबॉडी मिली है यानी ये कोरोना संक्रमित हो चुके थे। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सीरो सर्वे में 6–17 वर्ष की आयु के बच्चे शामिल थे। 6–9 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में यह 57.2 फीसद था। 10–17 वर्षों में, यह 61.6 फीसद थाय 18–44 वर्षों में, यह 66.7 फीसद था। 45–60 वर्षों में यह 77.6 फीसद था।

आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने सीरो सर्वे के रिजल्ट जारी करते हुए बताया कि सर्वे में सामने आया कि देश की दो–तिहाई आबादी में कोरोना एंटीबॉडी मिली है। अभी भी 40 करोड़ आबादी पर कोरोना का खतरा है। सर्वे में शामिल 6 से 17 साल के आधे से ज्यादा बच्चों में भी एंटीबॉडी पाई गई है। इसका मतलब हुआ कि दूसरी लहर में संक्रमण ने बच्चों को भी प्रभावित किया है।

**जिन इलाकों में सीरो प्रिवलेंस कम, वहां अगली लहर का खतरा ज्यादा:** आईसीएमआर के डायरेक्टर जनरल डॉक्टर बलराम भार्गव ने चौथे सीरो सर्वे के डिटेल बताते हुए कहा कि जिन इलाकों में ज्यादा लोगों में एंटीबॉडी नहीं बनी है उन इलाकों में कोरोना की लहर आने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि सर्वे में शामिल 6 से 17 साल के बच्चों में आधे से ज्यादा सीरो पॉजिटिव मिले। सर्वे उम्मीद की किरण भी है और यह भी बताता है कि लापरवाही की अभी बिल्कुल जगह नहीं है।

### सर्वे में इस बार 6 से 17 साल के बच्चे भी थे शामिल

**सामाजिक, धार्मिक या राजनीतिक आयोजनों से बचें**

डॉ. बलराम भार्गव ने कहा कि सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक या किसी भी तरह की गैदरिंग से बचना चाहिए। बेहद जरूरी ना हो तो ट्रैवल नहीं करना चाहिए और पूरी तरह वैक्सिनेटेड होने के बाद ही ट्रैवल करना चाहिए।



### सबसे ज्यादा 45-60 आयुवर्ग के लोगों में दिखी एंटीबॉडी

सर्वे में पाया गया कि 6 से 9 साल के बच्चों में 57.2 पर्सेंट में एंटीबॉडी मिली। यानी वह कोरोना से संक्रमित हो चुके थे। इसी तरह 10 से 17 साल के बच्चों में 61.6 पर्सेंट, 18 से 44 साल में 66.7 पर्सेंट, 45 से 60 साल में 77.6 पर्सेंट और 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में 76.7 पर्सेंट में एंटीबॉडी मिली। इसमें या तो संक्रमण की वजह से एंटी बॉडी बनी या फिर वैक्सीन लगने के बाद। पहला सीरो सर्वे पिछले साल मई–जून में किया गया था जिसमें 0.7 पर्सेंट लोगों में एंटीबॉडी मिली।

### कोरोना के खिलाफ वैक्सीन है कारगर

सीरो सर्वे में शामिल 12,607 लोग ऐसे थे, जिन्होंने वैक्सीन नहीं ली थी। 5,038 ऐसे थे जिन्हें एक खुराक लगी थी और 2,631 को दोनों खुराक लग चुकी थी। सर्वे में सामने आया कि वैक्सीन की दोनों डोज लेने वाले 89.8 फीसद में एंटीबॉडी पाई गई। वहीं, एक डोज लेने वाले 81 फीसद में एंटीबॉडी मिली, जबकि, जिन्होंने वैक्सीन नहीं ली थी, ऐसे 62.3 फीसद लोगों में ही एंटीबॉडी मिली। ऐस में ऐसा माना जा सकता है कि वैक्सीन लेने के बाद एंटीबॉडी बन रही है। सीरो सर्वे में इस बार बड़ों के साथ 6 से 17 साल के बच्चों को भी शामिल किया गया था। 28975 लोगों के सैंपल लिए गए साथ ही 7252 हेल्थ केयर वर्कर्स के भी सीरो सर्वे के लिए सैंपल लिए गए।

## संक्षिप्त समाचार

### राज कुंद्रा और रायन थार्प को 23 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुबंई। पॉर्न फिल्म मामले में राज कुंद्रा को किला कोर्ट ने 23 जुलाई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इसके अलावा उनके साथी रायन थार्प को भी पुलिस रिमांड में लिया गया है। अब राज के मोबाइल फोन की फरेंसिक जांच होगी। क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल ने कोर्ट को बताया कि राज कुंद्रा इस पूरे गोरखधंधे से पैसे कमा रहे थे। विआन इंडस्ट्रीज लिमिटेड नाम की कंपनी में काफी विदेशी करेंसी मिली है।

### मध्य प्रदेश में 26 जुलाई से खुलेंगे स्कूल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोविड अनुकूल व्यवहार का सख्ती से पालन सुनिश्चित करते हुए आगामी। 26 जुलाई से 11वीं एवं 12वीं की कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगीकक्षा 9वीं एवं 10वीं की कक्षाएं पांच अगस्त से प्रारंभ की जाएंगी।

# संसद की कार्यवाही में बाधा पहुंचाना निराशाजनक

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल में विपक्षी दलों के रवैये पर दुख जताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में विपक्षी दलों के हंगामा करने और कार्यवाही में बाधा पहुंचाने पर चिंता जताई और कहा कि ऐसे समय में जब पूरी मानव जाति कोविड–19 महामारी संकट का सामना कर रही है, विपक्षी दलों का यह रवैया बहुत गैर जिम्मेदाराना है। प्रधानमंत्री ने बीजेपी संसदीय दल की बैठक में यह बात कही। उन्होंने पूरे विपक्ष और खासकर कांग्रेस की जमकर लताड़ लगाई। पीएम ने अपने सांसदों से कहा कि कांग्रेस अब भी इसी मुगालते में है कि इस देश पर शासन करने का हक सिर्फ उसी को है।

कोविड–19 के चलते संसद के पिछले सत्र में भाजपा संसदीय दल की बैठक नहीं हो सकी थी। लंबे समय बाद हुई इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लगभग सभी सदस्य, भाजपा सांसद और अध्यक्ष जे पी नड्डा मौजूद थे। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, प्रधानमंत्री ने विपक्ष के रवैये पर बहुत चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि सदन में चर्चा हो और सार्थक चर्चा हो। इसके लिए विपक्षी दलों को चर्चा में भाग लेना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सोमवार को संसद का कामकाज बाधित हुआ था। यहां तक कि हंगामे के कारण प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद के सदस्यों का दोनों में से किसी सदन में परिचय नहीं करा पाए। बाद में उन्हें मंत्रियों की सूची को सदन के पटल पर रखना पड़ा।

### कोविड पर राज्यसभा में आरोप-प्रत्यारोप

संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भी विपक्षी दलों के हंगामे के साथ कार्यवाही की शुरुआत हुई। लोकसभा की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दोपहर दो बजे दोपहर दोबारा शुरू होने के बाद भी नारेबाजी के कारण तीन बजे तक सदन को स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही तीन बार स्थगित होने के बाद जब शुरू हुई तब सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने कोविड महामारी को लेकर केंद्र पर हमला बोला।

# देश में कोरोना के मामले 4 माह के निचले स्तर पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में लगातार कोरोना के मामलों में गिरावट दर्ज की जा रही है। देशवासियों के लिए ये एक राहत भरी खबर है। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देशभर में पिछले 24 घंटों के दौरान 30,093 मामले सामने आए, जिसके बाद देश में संक्रमितों की संख्या 3,11,74,322 हो गई है। आपको बता दें कि बीते 4 माह के दौरान सामने आए ये सबसे कम मामले हैं।

देश में अब एक्टिव मामलों की संख्या 4,06,130 हो गई है। वहीं बीते 24 घंटों के दौरान ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 45,254 रही है। इसके बाद देश में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 3,03,53,710 पहुंच गई है। बीते 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना संक्रमित 37 मरीजों ने दम भी तोड़ा है। इसके बाद ये आंकड़ा बढ़कर 4,14,482 तक पहुंच गया है। आपको बता दें कि बीते 24 घंटों के दौरान जहां केरल में सर्वाधिक मामले सामने आए हैं वहीं दादरा नगर हवेली और अंडमान निकोबार में सबसे कम मामले सामने आए हैं।

गौरतलब है कि केरल और महाराष्ट्र में सामने आने वाले कोरोना के मामले लगातार केंद्र और राज्य सरकार के लिए चिंता की वजह बने हुए हैं। पिछले दिनों पीएम नरेंद्र मोदी ने ऐसे 6 राज्ध्यों के सीएम से इस मुद्दे पर बातचीत की थी जहां पर अधिक मामले आ रहे हैं। केंद्र की तरफ से यहां पर विशेषज्ञों की एक टीम भी भेजी गई है। केंद्र लगातार इन सभी राज्यों पर निगाह रखे हुए है।

पीएम ने इन सभी राज्यों को कहा है कि वो हर संसाधन का इस्तेमाल करें और यहां पर बढ़ते मामलों पर काबू पाएं। उन्होंने ये भी कहा था कि यदि यहां पर बढ़ते मामलों को नहीं रोका गया तो हालात खराब हो सकते हैं।

### राहत

■बीते 24 घंटों में सामने आए कोरोना के 30093 मामले


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact:

Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# खतरे में नहीं डाल सकते लोगों का जीवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच बकरीद के अवसर पर लाकडाउन से संबंधित प्रतिबंधों में ढील दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने केरल सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि यह चौंकाने वाली स्थिति है कि केरल सरकार ने लॉकडाउन मानदंडों में ढील देने में व्यापारियों की मांग को मान लिया है। केरल सरकार ने बकरीद के मद्देनजर लॉकडाउन प्रतिबंधों में तीन दिनों के लिए छूट देने का ऐलान किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने केरल सरकार को आदेश दिया कि वह उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा मामले में दिए गए कोर्ट के आदेश का पालन करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी प्रेशर ग्रुप या धार्मिक समूह को लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। केरल सरकार ने आगामी बकरीद त्योहार को ध्यान में रखते हुए 18, 19 और 20 जुलाई को लॉकडाउन प्रतिबंधों में ढील देने की घोषणा की है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह शीर्ष अदालत में पेश होंगे।

### बकरीद में छूट पर केरल सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार